




**शिक्षा संबंधी नम्बर**

| | |
|---|---|
| सीएसजेएम वि.वि. | 2570663, 301 |
| सी.एस.ए. | 2534156, 63 |
| जिला विद्यालय निरीक्षक | 2291889 |
| आई.आई.टी. | 2597258 |
| एच.बी.टी.आई. | 2542849 |










# शहर की सरकार ने ली शपथ बोली अब होगा विकास

**❑प्रमिला ने लगातार दूसरी बार महापौर की ली शपथ ❑भाजपा महापौर संग 110 वार्डो के पार्षदों की भी हुई शपथ ❑मोतीझील लान में मंडलायुक्त ने कराई शपथ❑विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना❑ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर । नगर निगम के मोतीझील लान में शनिवार को शहर की सरकार ने शपथ ली। भाजपा महापौर प्रमिला पांडेय ने लगातार दूसरी बार महापौर बनकर एक इतिहास बनाया।मंडलायुक्त डॉ राजशेखर ने बीजेपी की नव निर्वाचित महापौर प्रमिला पांडेय समेत 11 पार्षदों को शपथ दिलाई। प्रमिला ने शहर की 18वीं महापौर के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंच पर रहे। इसके पहले महापौर को गाउन पहनाया गया। इसके बाद नगर आयुक्त शिव शरणप्पा ने गदा प्रदान की। कानपुर में रिकॉर्ड जीत के साथ प्रमिला पांडेय नगर निगम के इतिहास में पहली ऐसी महापौर बन गईंए जो लगातार दूसरी बार इस पद पर विजयी हुईं। उन्होंने इस बार अपने 217 की जीत के अंतर को भी बढ़ाया है। पिछली बार कांग्रेस प्रत्याशी को उन्होंने एक लाख से अधिक वोट से हराया था। इस बार उन्होंने सपा को पौने दो लाख से अधिक वोटों से सपा उम्मीदवार विधायक अमिताभ बाजपेई की पत्नी वन्दना बाजपेई को शिकस्त दी है।



## कानपुर की पहचान देश में हो



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सबकी जिम्मेदारी हैं कि कानपुर स्वच्छ और सुंदर हो। जिसकी पहचान देश में पहले नंबर पर हो।

## धन की कमी नहीं होने देंगे: उप मुख्यमंत्री

**स्वतंत्र भारत संवाददाता** कानपुर। शपथग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक निर्वाचित महापौर प्रमिला पांडेय और पार्षदों को जीत की बधाई देते कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेतृत्व में कानपुर का विकास हो रहा है।



अब आप कानपुर का सुंदरीकरण करे। इसमें धन की बाधा नहीं आने दी जाएंगी।

## जय श्री राम और कहो अम्मा फिर से नारे गूंज

कानपुर। शपथ ग्रहण समारोह में आज भाजपा कार्यकर्ताओ की भीड़ ज्यादा पहुंची। हालाकि सभी पार्षद अपने साथ भीड़ लेकर आएं थे लेकिन सपा और कांग्रेस वालो से ज्यादा संख्या भाजपा पार्षदों की थी और महापौर भी उनका होने से कार्यकर्ता जोश में जय श्रीराम के नारे बुलंद करते रहे। बीच में कुछ लोगों ने कहो अम्मा फिर से के भी नारे लगाए।

## शहर को स्वच्छ करने में जुटे पार्षद

कानपुर। महापौर प्रमिला पांडेय ने पार्षदों से कहा अब स्वागत हो गयाए माला भी पहन ली है। अब शहर को कल से स्वच्छ करने में जुट जाएं।







## आंधी से हिला पंडाल उड़ी होर्डिग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता** क्कानपुर। मोतीझील लान में आज महापौर और पार्षद गण के शपथ ग्रहण समारोह में उस समय अफ्रा तफ्री मची जब तेज आंधी संग वर्षा होने लगी। वाटर प्रूफपंडाल होने के बाद आंधी से पंडाल हिलने लगा। जबकि पंडाल गेट पर लगी होर्डिंग फ्ट गई और दर्जनों उड़ कर गिर भी गई। पंडाल के भीतर भी वर्षा की बौछार आने से कुछ समय के लिए अफ्रा तफ्री मची।

## भाजपा का पांचवा महापौर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता** कानपुर। नगर निगम बनने के बाद महापौर का चुनाव 1995 में हुआ था। तब पहली महापौर सरला सिंह बनी थी। उनके बाद रवींद्र पाटनी फिर जगतवीर सिंह द्रोण और अब लगातार दूसरी बार प्रमिला पांडेय महापौर बनी है। अभी तक भारतीय जनता पार्टी पांच बार महापौर पद पर जीत हासिल कर चुकी है। कांग्रेस के भी भगवत प्रसाद तिवारी सरदार महेंद्र सिंहएश्री प्रकाश जायसवाल अनिल शर्मा आदि महापौर रह चुके है।

# किसान देश की आर्थिक व्यवस्था ठीक करने वाला अन्नदाता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**कानपुर। देश का किसान अन्नदाता के साथ.साथ आर्थिक व्यवस्था को भी दुरुस्त करने वाला है। उसका सम्मान देश का सम्मान है। उक्त बात आज भाजपा किसान मोर्चा बुंदेलखंड क्षेत्र की बैठक में कही गई।

बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया । क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने इस कार्यसमिति में कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के लिए किसान सम्मान निधि फसल बीमा योजना किसान साथियों की ऋण माफी आदि अनेक योजनाओं को लागू किया।मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा 3 मई 3 जून तक चलाये जा रहे महा संपर्क अभियान में भी किसान मोर्चा की भागीदारी क्या हो इसको बिंदुवार बताया ।किसान मोर्चा प्रत्येक जिले में ट्रैक्टर रैलीए किसान पंचायत मंडी समिति में किसानों से संपर्क के साथ.साथ सभी अभियानों में हिस्सा लेते हुए कार्य करना है आज किसान मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी ग्राम सभाओं में अपनी कमेटी बना चुका है ।बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह के पिता के निधन पर 2 मिनट का मौन रख शोक संवेदना व्यक्त की गई ।बैठक में मुख्य रूप से किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष वी के गंगवार श्याम बिहारी गुप्ता मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष बाल मुकुंद शुक्ला महामंत्री विकास भदौरिया मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी और मंजू अभिषेक वर्मा शिव प्रकाश सिंह कल्लू भैया अजय पटेरिया जितेंद्र सिंह आशीष चतुर्वेदी कृष्ण कुमार बंटी आदि उपस्थित रहे ।

# उप मुख्यमंत्री ने ग्रीन पार्क विजिटर गैलरी की क्रिकेट बुक कैफे का किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर । विजिटर गैलरी म्यूजिम के प्रथम फेस एवं द्वितीय फेस का उद्घाटन हो चुका था। उसी क्रम में खेल विभाग व स्मार्ट सिटी के साथ मिलकर बने नये श्क्रिकेट बुक कैफेश् का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया गया। इस दौरान ग्रीन पार्क स्टेडियम में पुलिस आयुक्तए जिलाधिकारी एवं उप निदेशकए खेल द्वारा उप मुख्यमंत्री का गार्ड आफऑनर से स्वागत किया गया उन्होने कैफे का उद्घाटन करते हुये कहा कि यहॉ पर जल्द ही अन्तर्राष्ट्रीय मैच की सौगात दी जायेगी। मैच में आने वाली बाधाओं को भी जल्द ही दूर किया जायेगा। ग्रीनपार्क की पहचान सिर्फ क्रिकेट मैच से ही है। यहॉ के क्रिकेट प्रेमियों को देखते हुये यहॉ के उच्चाधिकारियोंध्यूपीसीए से समन्वय स्थापित कर यहॉ अन्तर्राष्ट्रीय मैच आयोजित कराने हेतु पूरा प्रयास किया जायेगा। कहा कि ग्रीन पार्क के इतिहास की जानकारी इससे अच्छी हासिल हो नहीं सकती और यह विजिटर गैलरी युवा पीढ़ी को समृद्ध क्रिकेट के इतिहास को जानने में अपनी अहम भूमिका निभायेगी। उन्होंने बताया कि स्वण् ज्योति बाजपेयी बहुत बड़ा योगदान है और यूपी क्रिकेट उन्हे हमेशा स्मर्ण रखेगा।मण्डलायुक्त ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि यहॉ पर सरकारीए गैर सरकारी सभी बोर्ड के स्कूल के बच्चों का नि:शुल्क म्यूजियम को दिखाया जा रहा हैक्रिकेट बुक कैफे में 25 किताबेए स्पोर्टस मैगजीनए ऑटो बायोग्राफी आदि की किताबे उपलब्ध हैकैफे के शुभारम्भ के दौरान बृजेश पाठक ने शुभकामनाओं सहित स्वयं हस्ताक्षरित बैट आयुक्त को भेंट किया। मुद्रिका पाठक द्वारा बताया गया कि यहॉ पर नौनी हालों से बड़ो तक विभिन्न प्रकार के खेलो का समर कैम्प के माध्यम से प्रशिक्षण चल रहा हैए जिसमें विभिन्न खेलो में लगभग सैकड़ो बच्चे प्रशिक्षण ले रहे है। वातानुकूलित बैडमिन्टनध्टीटी हाल स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित हाल में मात्र 335 व 235 वार्षिक रजिस्ट्रेशन लेकर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा हैइस दौरान उप मुख्यमंत्री ने उच्च श्रेणी वातानूकूलित जिम का भी भ्रमण कर एक्ससाईज भी की। उन्होने कहा कि प्रदेश में हो रहे स्मार्ट सिटी के कार्य में यह जिम उच्चकोटि की बनी है। उन्होंने खेल विभाग एवं स्मार्ट सिटी की पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि खेलो इण्डिया के तहत चल रहे खेलों में इसका बड़ा योग दान साबित होगा। क्रिकेट बुक कैफे के शुभारम्भ कार्यक्रम के शुभ अवसर पर डॉण् राजशेखर आयुक्तए बीपी जोगदंड पुलिस आयुक्त विशाख जिलाधिकारीए शिवशरणप्पा नगर आयुक्तएअंकिता सिंह एडीपीसीए मुद्रिका पाठक उपनिदेशक खेलए संजय कपूर चेयरमैन कानपुर क्रिकेट एसोसिशनए सुरेश अवस्थीए यश मल्होत्राए अमित पालए उपक्रीड़ाधिकारी फिजियो स्टेनली ब्राउनए स्मार्ट सिटी नोडल आरके सिंह उपस्थित रहे।





# निर्वाण दिवस पर याद किए गए पं. नेहरू

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

कानपुर। शहर के कांग्रेस जनों ने आज पूर्व प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरु के 59 वें निर्वाण दिवस पर घण्टाघर स्थित नेहरु प्रतिमा को दूध व गंगाजल से स्नान करा पुष्पांजलि की और कहा कि पंडित नेहरू को भुलाया नही जा सकता।



शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे महत्वपूर्ण अग्रणी भूमिका निभाकर देश को मिली आजादी के बाद पं नेहरु द्वारा देश मे व्याप्त अनेक विसंगतियों एवं जीवनशैलियों के मकड़जाल की विषम परिस्थितियों के रहते हुये भी देश के सर्वोत्तमुखी विकास की आधार शिला रखना निसंदेह कठिन व गुरुतरु कार्य था जो मील का पत्थर बनकर आज भी परिलक्षित है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मदन मोहन शुक्ल ने पं नेहरु को नेहरु के देश के प्रति समर्पित व्यक्तित्व एवं कृतित्व आज भी प्रासंगिक है जिसे देश कभी भी भुला नही सकता।

प्रदेश कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के चेयरमैन पवन गुप्ता ने कहा कि निहित राजनैतिक स्वार्थपरता के लिए छलप्रपंची अनर्गल प्रलापो से पंडित नेहरु के अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व के आगे अपने को बौना महसूस करने वाले तथाकथित तत्वो के अपराधबोध से कुछ समय के लिए जनमानस को भ्रमित तो किया जा सकता है किन्तु वास्तविकता का ऐतिहासिक सत्यता एवं नेहरु की त्याग तपस्या भावी पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देती रहेगी।

कार्यक्रम का संयोजन वार्ड कांग्रेस अध्यक्ष सुशील तिवारी व सभा संचालन राजकुमार यादव व संजय बाथम ने संयुक्त रुप से किया।

कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से शंकर दत्त मिश्रए बार एसो अध्यक्ष नरेश त्रिपाठीए सुनील राठौरए लल्लन अवस्थीए रमेश मिश्रा रम्मूए मुन्ना खांए आदि ने श्रंद्धाजलि अर्पित की। उक्त कार्यक्रम से पूर्व सरसैया घाट सिविल लाइन्स स्थित नेहरु प्रतिमा पर भी शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर के सचिव संजय शाह के नेतृत्व मे माल्यार्पण व पुष्पांजलि का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# बिठूर पुलिस ने लूटरों का गैंग पकड़ा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता** कानपुर । सवारी वाहनों को शिकार बनाने वाले शातिर बदमाशों को बिठूर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से लूट और चोरी का माल बरामद हुआ है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है। डीसीपी पश्चिम ने गिरफ्तार करने वाली टीम को इनाम का ऐलान किया है। कानपुर की थाना बिठूर पुलिस की टीम ने पांच शातिरों को गिरफ्तार किया।प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे ब्लू वर्ल्ड वाटर पार्क के पास पांच अभियुक्तों को पकड़ा गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व आईआईटी गेट पर ई.रिक्शा लूट और चालक को मारने की घटना को कबूला। पांचों शातिर अभियुक्तों के खिलाफ पिछली कई घटनाओं में अलग.अलग थानों में मुकदमा दर्ज है। पकड़े गए सभी अभियुक्तों की उम्र 2 से 23 वर्ष के बीच में है।गिरफ्तार किए गए 5 अभियुक्तों में रामजी दुबेए शशांक उर्फ छोटूए अभिषेक सिंह उर्फ गोलूएअंकुश दुबेए सुभाष कटियार पकड़े गए है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से चोरी का माल बरामद किया गया है। जिसमें नकद रुपए और बैटरी रिक्शा के कटे हुए पार्ट व कई बैटरी मिले हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम को डीसीपी पश्चिम ने रुपए 25 इनाम देने का ऐलान किया है।

बिठूर एसओ अतुल श्रीवस्तव ने बताया कि क्षेत्र में पिछ ले कई दिनों से बदमाशों के सक्रिय होने की जानकारी पर पुलिस लगातार इनकी तलाश में थीए सटीक सूचना पर बदमाशों को धर दबोचा गया है।


**ASIAN FERTILIZERS LTD.**

Regd. Office : Flat No. 202, Preet Garden, "3A/172", Azad Nagar, Kanpur, PIN-208002

Corporate Office : PWD Officer's Colony, Near Sahara Press, Gorakhpur Pin-273009

CIN No. L99999UP1986PLC007621

E-Mail : afl@asianfertilizers.com, WEBSITE: www.asianfertilizers.com, Telephone : 5512203421

**EXTRACT OF THE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31st March, 2023**

(Rs. in Lacs)

| S. No. | Particulars | Quarter ended 31st March, 2023 (AUDITED) | Year ended 31st March, 2023 (AUDITED) | Quarter ended 31st March, 2022 (AUDITED) | Year ended 31st March, 2022 (AUDITED) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from operations (net) | 1273.23 | 8111.85 | 1175.99 | 7399.90 |
| 2. | Net Profit / (Loss) from ordinary activities before tax, exceptional and extra ordinary item | (52.60) | 223.44 | -16.80 | 307.17 |
| 3. | Net Profit / (Loss) from ordinary activities before tax, after exceptional and extra ordinary item | (52.60) | 223.44 | -16.80 | 307.17 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after) Extraordinary items) | (39.31) | 161.11 | (8.87) | 230.19 |
| 5. | Total Comprehensive income for the period | (40.96) | 159.46 | (7.59) | 231.47 |
| 6. | Equity Share Capital (face Value Rs. 10/- each) | 790.15 | 790.15 | 790.15 | 790.15 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of Previous Year) | --- | --- | --- | 649.83 |
| 8. | Earning Per Share (before extraordinary items) (of 10/- each) | | | | |
| 9. | Basic (Rs.) | (0.50) | 2.04 | (0.11) | 2.91 |
| 10. | Diluted (Rs.) | (0.50) | 2.04 | (0.11) | 2.91 |
| 11. | Earning Per Share (after extraordinary items) (of 10/- each) | | | | |
| 12. | Basic (Rs.) | (0.50) | 2.04 | (0.11) | 2.91 |
| 13. | Diluted (Rs.) | (0.50) | 2.04 | (0.11) | 2.91 |

**Notes:** The above is an extract of the detailed format of Quaterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, The full format of the Quaterly Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and the company website (www.asianfertilizers.com).

for and on behalf of the Board

(A. K. Matanhelia)

Managing Director

DIN No. 01763776

Place : Lucknow, U.P.

Date : 26/05/2023